तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शनिवार, 2 अगस्त 2025



11 कांग्रेसियों ने पांच दिन का दिया समय, एफआईआर...



12 बारिश से शहर की सड़कें हो रही खराब, विभाग करा...



कम्पटेक महाविद्यालय
First AICTE Approved College
संबद्धता-उच्च शिक्षा छ.ग. शासन एवं पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि.
B.Sc
BCA
B.Com प्लेन एवं कम्प्यूटर्स
PGDCA
DCA
सीमित सीटें
सेमेस्टर सिस्टम (100% रिजल्ट)
शासकीय छात्रवृत्ति प्राप्त करें
ST, SC, OBC 100% UPTO SCHOLARSHIP BASE ADMISSION
आज ही संपर्क करें प्रात: 10 से 2 बजे
अंबेडकर चौक, सोरिद पुल के पास सोरिद नगर धमतरी, मो. 9425503082

## खबर संक्षेप

### आज निकेलगी साइकिल रैली

**धमतरी।** जिले में नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशे के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। उपसंचालक समाज कल्याण डॉ. मनीषा पाण्डे ने बताया कि शनिवार 2 अगस्त को प्रातः 7 बजे जिला मुख्यालय स्थित पुलिस लाइन रुद्री चौक से गंगरेल तक साइकिल रैली निकाली जाएगी। इस जनजागरूकता रैली में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने जिला स्तर के समस्त अधिकारियों, स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और गणमान्य नागरिकों से सहभागिता की अपील की है। रैली के दौरान प्रतिभागियों को नशामुक्त भारत की शपथ भी दिलाई जाएगी।

### पीपरछेड़ी में तीन को मनेगी गोस्वामी तुलसीदास की जयंती

**धमतरी/भखारा।** मानस शक्ति केन्द्र रांवा के तत्वावधान में मानस ग्राम पीपरछेड़ी में 3 अगस्त रविवार को शीतला माता मंदिर प्रांगण नवीन रंगमंच पर संत शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। कार्यक्रम में ओम निखिलम मानस परिवार पीपरछेड़ी, दुर्गा महिला मानस मण्डली तरसींवा, शिवम मानस मण्डली रांवा और पारसमणि मानस परिवार पुरानी बस्ती रायपुर की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी ओमप्रकाश साहू सचिव मानस शक्ति केन्द्र रांवा ने दी।

### जिले में बने खाबो-बने रहिबो अभियान चलेगा

**धमतरी।** जनता के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जिले में 4 अगस्त से बने खाबो बने रहिबो स्लोगन पर जांच एवं जनजागरुकता अभियान चलाया जाएगा। फूड इंस्पेक्टर फनेश्वरनाथ पिथौरा ने बताया कि विभाग में संचालित चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। मौके पर खाद्य पदार्थों की जांच करने के साथ आम नागरिकों को जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम के लिए मोहित बेहरा सहायक आयुक्त एवं नितेश मिश्रा सहायक आयुक्त को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस टीम में जिले के कार्यालय व प्रयोगशाला की टीम उपस्थित रहेगी।

■ तीन दिवसीय जांच एवं जनजागरुकता अभियान का शुभारंभ 4 अगस्त को

महिला ने दिया तीन बच्चों को जन्म, धमतरी हास्पिटल में हुई सुरक्षित डिलीवरी, जच्चा-बच्चा चारों स्वस्थ

# चाहत थी दूसरी संतान की, एक साथ आए तीन नन्हे मेहमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

एक महिला ने पहली संतान की डिलीवरी होने के लंबे समय के बाद एक साथ तीन बच्चों को जन्म दिया है। डिलीवरी के बाद जच्चा-बच्चा पूरी तरह से स्वस्थ हैं। धमतरी हास्पिटल के इतिहास का यह पहला मामला है।

पहली संतान की डिलीवरी के बाद से माता-पिता दूसरी संतान की चाह रखते थे लेकिन काफी समय गुजर जाने के बाद उनकी दूसरी संतान की इच्छा पूरी नहीं हो रही थी। जब ऊपर वाला देता है तो जितनी चाहत रहती है, उससे कई गुना ज्यादा मिल जाता है। कुछ इसी तरह की मेहरबानी बरबांधा के आदिवासी दंपति पर हुई। ग्राम बरबांधा निवासी सांवली नेताम उम्र 24 वर्ष पति रितेश नेताम को सात साल पहले शादी के बाद प्रथम पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई थी। बेटे को जन्म देने के कुछ समय बाद नेताम दंपति दूसरी संतान की इच्छा कर रहा था लेकिन महिला का गर्भ नहीं ठहर रहा था। इस तरह 6 साल बीत गए लेकिन सांवली नेताम गर्भवती नहीं हो पाई। पहली डिलीवरी के बाद लंबा समय बीत जाने के बाद भी दंपत्ति की दूसरी संतान की इच्छा अधूरी थी। बीते वर्ष उपचार कराने धमतरी हास्पिटल पहुंचे दंपति ने गायनेकोलाजिस्ट डॉ. रश्मि सिंह को अपनी समस्या बताई। डाक्टर ने जांच पश्चात उपचार शुरू कर कुछ मेडिसीन लिखी। दवाई खाने के बाद महिला की प्रेग्नेंसी रूक गई। महिला गर्भधारण के दो माह से ही प्रत्येक माह नियमित चेकअप के लिए धमतरी हास्पिटल पहुंचती थी। महिला की सोनोग्राफी कराई गई। रिपोर्ट में गर्भ में तीन बेबी का होना पाया गया। इसके बाद से महिला की विशेष केयर कर जांच व उपचार शुरू हुआ। 9 माह की प्रेग्नेंसी के बाद 25 जुलाई को महिला को हल्का



प्रसव पीड़ा शुरू हो गई। परिवारजनों ने महिला को 26 जुलाई को धमतरी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां डॉ. रश्मि सिंह ने अपने ओटी स्टाफ के साथ सामान्य सर्जरी कर महिला के गर्भ से तीन बच्चों की सफल व सुरक्षित डिलीवरी कराई। सफल डिलीवरी पर दूसरी संतान की चाह रखने वाले उसके परिवारजनों ने एक साथ तीन बेटे को पाकर खुश होकर डाक्टर के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं एक चुनौतीपूर्ण केस के सफल होने पर डाक्टर व स्टाफ भी खुश है।यह धमतरी हास्पिटल के इतिहास में पहला केस है।

### चुनौतीपूर्ण केस था : डॉ. रश्मि सिंह



धमतरी हास्पिटल के गायेनेकोलाजिस्ट ने बताया कि सांवली नेताम की 6 साल पहले सर्जरी से डिलीवरी हुई थी। उसके बाद से उसकी प्रेग्नेंसी नहीं रूक रही थी। उपचार के लिए धमतरी हास्पिटल पहुंचने पर जांच कर महिला को दवाई दी गई। गर्भ ठहरने के बाद महिला का नियमित चेकअप किया जाता रहा। 26 जुलाई को लेबर पेन शुरू होने पर महिला हास्पिटल में भर्ती हुई, जिसकी सामान्य सर्जरी कर डिलीवरी करा तीन बच्चों का जन्म कराया गया। महिला व बच्चे स्वस्थ हैं। महिला को डिस्चार्ज कर दिया गया है। इस तरह के केस में तीन व चार बच्चे की डिलीवरी हो जाती है। यह रेयर व चुनौतीपूर्ण केस होता है।

### तीनों नवजात एनआईसी में भर्ती

डॉ. रश्मि सिंह ने बताया कि जन्म के समय पहले बच्चे का वजन 1 किग्रा, दूसरे बच्चे का 870 ग्राम व तीसरे का 1.3 किलोग्राम था। वजन कम होने के कारण बच्चों को पीडियाट्रिशियन डॉ. विजय रावत की देखरेख में सिद्धि विनायक अस्पताल की एनआईसी में भर्ती कराया गया है। जहां बच्चों का स्वास्थ्य ठीक है और वजन भी बढ़ रहा है।

### केस में जोखिम था

डॉ. रश्मि सिंह ने बताया कि इस तरह के ट्रिपलेस केस में गर्भवती महिला को खून की कमी, बीपी कम हो जाना या ज्यादा बढ़ने पर अबार्शन का खतरा रहता है लेकिन सामान्य सर्जरी कर महिला की सफल सुरक्षित डिलीवरी करा ली गई है।

# धर्मांतरण के विरोध में हिंदू संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

धर्मांतरण को लेकर शुक्रवार को हिन्दू संघर्ष समिति ने गांधी मैदान में प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन के दौरान अवैध धर्मांतरण के खिलाफ जमकर नारे लगे। धर्मांतरण में संलग्न राजनीतिक पार्टियों के नेताओं का पुतला फूंका। समिति ने मांग की है कि धर्मांतरण पर रोक लगाई जाए। इसके खिलाफ देश में कड़ा कानून बने।

■ शहर में निकाली रैली, पुतला फूंका

समिति का कहना है कि कुछ दिनों पूर्व दुर्ग रेलवे स्टेशन में नारायणपुर बस्तर क्षेत्र की तीन लड़कियों को ले जाते दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले पर हिन्दू संगठनों ने धर्मांतरण करवाने का आरोप भी लगाया था। इसी मुद्दे पर बस्तर सांसद ने लोकसभा में सवाल उठाया था। छग के अन्य सांसदों ने भी लोकसभा में इसी मुद्दे पर प्रश्न दागा। धर्मांतरण का खेल देश में बड़े पैमाने पर चल रहा है। इसके विरोध में शुक्रवार को हिन्दू संघर्ष समिति ने शहर में प्रदर्शन किया। घड़ी चौक से गांधी मैदान तक नारेबाजी कर रैली निकाली। धर्मांतरण में लगे राजनीतिक पार्टियों के शीर्षस्थ नेताओं का पुतला फूंका।

गांधी मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के प्रदेशाध्यक्ष डा.विशाल ताम्रकार ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण का खेल गुपचुप तरीके से चल रहा है जिसे रोकना जरूरी है। बस्तर की एक लड़की ने प्रलोभन देकर धर्मांतरण करवाने की साजिश का पर्दाफाश किया है। दुर्ग स्टेशन में पकड़ी गई दो संदिग्ध महिलाओं का नार्को टेस्ट करवाया जाए तभी सच सामने आएगा।

रामचंद देवांगन ने कहा कि धर्मांतरण का खेल उजागर होने के बाद सच सामने आता है। गुपचुप तरीके से यह खेल पूरे देश में चल रहा है। बस्तर के भोले भाले आदिवासियों को प्रलोभन देकर उनका धर्मांतरण करवाते हैं। छत्तीसगढ़ में बहुसंख्यक आबादी पिछड़ा वर्ग के लाखों लोगों का धर्मांतरण करा चुके हैं। धर्मसभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराते हैं। इनके अनुयायी इस काम को आगे बढ़ाते जा रहे हैं। इस अवसर पर सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं

## प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा 3 को, निर्देशों का पालन करने पर ही प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

व्यापम व्दारा 3 अगस्त को धमतरी जिला में प्रयोगशाला परिचारक लिखित भर्ती परीक्षा एक पॉली में प्रातः 11 से 1:15 बजे तक 16 केन्द्रों में आयोजित है जिसमें कुल 5064 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र में प्रातः 9 से प्रातः 10:30 बजे तक प्रवेश दिया जायेगा। परीक्षार्थी अपने साथ अपना प्रवेश पत्र एवं फोटो पहचान पत्र के लिए आधार कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पेनकार्ड, पासपोर्ट आदि में से कोई एक फोटोयुक्त पहचान पत्र की ओरिजनल कॉपी परीक्षा केन्द्र में लेकर अवश्य आएं अन्यथा परीक्षा केन्द्रों में प्रवेश की अनुमति नही दीं जायेगी।

परीक्षा के लिए डॉ. विनोद पाठक समन्वयक एवं अपर कलेक्टर पवन प्रेमी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। परीक्षा संचालन के लिए समन्वयक केन्द्र पीजी महाविद्यालय धमतरी एवं जिला नोडल अधिकारी व्दारा पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इसके अलावा जिला प्रशासन व्दारा उड़नदस्ता दल का भी गठन किया गया है। परीक्षार्थी परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे ताकि उनका फ्रीस्किंग एवं पहचान पत्र का सत्यापन किया जा सके। परीक्षा प्रारंभ होने के 30 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र का मुख्य व्दार बंद कर दिया जायेगा। हल्के रंग के आधी बांह वाले कपड़े पहनकर परीक्षा देने आएं। फुटवियर के रूप में चप्पल पहने, कान में किसी भी प्रकार का आभूषण वर्जित है। धार्मिक या सांस्कृतिक पोशाक वाले अभ्यर्थी को परीक्षा केन्द्र पर सामान्य समय से पहले रिपोर्ट करना होगा। उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा जांच से गुजरना पड़ेगा तभी उन्हें प्रवेश की अनुमति होगी। निर्देशों का पालन नहीं करने पर अभ्यर्थी को परीक्षा देने से वंचित किया जायेगा। पीरक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी तथा अभ्यर्थिता समाप्त की जायेगी।

अर्जुनी पुलिस ने की कार्रवाई

घर में छिपाकर रखी थी बाइक

# बैंक के सामने से पल्सर उड़ाने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बैंक के सामने खड़ी पल्सर बाइक की चोरी कर घर में छिपाकर रखने वाले तीन आरोपियों को अर्जुनी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम भोथली निवासी केशकुमार साहू उम्र 27 वर्ष 29 जुलाई को पल्सर बाइक क्रमांक सीजी 27 एल 2444 से छग राज्य ग्रामीण बैंक अर्जुनी गया था। वह बाइक को बैंक के सामने खड़ा कर भीतर चला गया। इसी दौरान अज्ञात चोर उक्त बाइक की चोरी कर ले गया। पीड़ित की शिकायत पर अर्जुनी पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 303(2), 3, 5 बीएनएस के तहत



अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। अर्जुनी थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर बैंक परिसर व आसपास की सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। तकनीकी साक्ष्य व मुखबिर की सूचना पर पुलिस संदेही मोहनलाल यादव तक पहुंची। पूछताछ में मोहन ने बाइक चोरी की घटना को दो अन्य साथी अजय दास मानिकपुरी व मनोज कुमार देशमुख के साथ मिलकर अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के बयान के आधार पर चोरी गई पल्सर बाइक को मोहनलाल के घर से बरामद किया गया। पुलिस ने तीनों आरोपी मोहनलाल यादव पिता प्रेमू उम्र 48 वर्ष, अजय दास मानिकपुरी पिता मेहतरू दास उम्र 22 वर्ष दोनों ग्राम देमार थाना अर्जुनी निवासी व मनोज कुमार देशमुख पिता सुरेन्द्र कुमार उम्र 25 वर्ष ग्राम पीपरछेड़ी थाना अर्जुनी निवासी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है

# ट्रैक्टर की ठोकर से बाइक सवार दो युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

बाइक सवार युवकों को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने सामने से ठोकर मार दी। घटना में दोनों युवकों को गंभीर चोट लगी है।

मिली जानकारी के अनुसार चारामा थाना क्षेत्र के ग्राम गुजरा निवासी वेदनारायण व वेदप्रकाश शुक्रवार की दोपहर मोटरसाइकिल को छोड़ने के लिए धमतरी की ओर आ रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक को सामने से जोरदार ठक्कर मार दी। ठोकर से दोनों युवक बाइक से दूर जा गिरे। घटना में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। वेदप्रकाश का पैर फ्रेक्चर हो जाने पर वरदान एम्बुलेंस सेवा संस्था के खिलावन साहू, शिवा प्रधान व पप्पू साहू की मदद से एकता अस्पताल पहुंचाया गया। वहीं घायल वेदनारायण को उसके मित्र ने बाइक की मदद से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया। घटना में वेदनारायण का पैर फ्रेक्चर हो जाने से उसे रिफर कराकर एकता अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं, जहां घायलों का उपचार जारी है।

■ ग्राम तेलीनसत्ती के पास हुआ सड़क हादसा





रात में स्टापेज, बसें 12 घंटे तक दुकानों के सामने खड़ी रहती हैं

# बस स्टैंड में बेतरतीब खड़े वाहनों से व्यापारी, यात्री परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शहर के मध्य में स्थित नया बस स्टैंड समय के साथ अब छोटा पड़ने लगा है। दिनभर में सैकड़ों वाहन और हजारों यात्रियों की आवाजाही के कारण वाहनें यत्र-तत्र खड़े रहते हैं। व्यवस्था के अभाव में बेतरतीब वाहनों से यहां के व्यापारी खासे परेशान हैं। वहीं यात्रियों को यह समझ नहीं आता कि कौन सी बस में बैठना है और कौन सी बस स्टैंड में स्टापेज है।

यहां के व्यापारी ने आरोप लगाया कि दर्जनों वाहनें उनकी दुकानों के सामने घंटों तक खड़े रहते हैं। इसके कारण ग्राहकी खराब होती है। ग्राहक भटक जाते हैं। बस स्टैंड के चारों कोने में बस, आटो, कार, बाइक आदि यत्र- तत्र खड़े रहते हैं। व्यवस्था बनाने वाला कोई नहीं रहता इसलिए इनकी मनमानी चलती है।

बालमुकुंद साहू ने बताया कि बस स्टैंड में बसों को सुव्यवस्थित तरीके से खड़ा करना चाहिए ताकि किसी को परेशानी न हो। रात में दुकानों के सामने 12 घंटे तक बसें खड़ी रहती हैं। सुबह दुकान खोलते समय परेशानी होती है। रनिंग बसों को स्टैंड में खड़ा होने की इजाजत देनी चाहिए।

### जर्जर दुकानों की मरम्मत हो : व्यवसायी

बस स्टैंड के दर्जरभर व्यापारी चाहते हैं कि 40 साल पुरानी दुकानों की मरम्मत की जाए या पुनर्निर्माण किया जाए। मरम्मत के अभाव में दुकानें जर्जर हो गई हैं। सांप, बिच्छू, चूहे जीव जंतुओं का बसेरा बन गया है। बारिश में दीवार कभी भी गिर सकती है। शासन अपने फंड से मरम्मत कार्य जल्द कराएं या फिर मरम्मत के लिए व्यापारी को सौंप दें ताकि व्यापारी अपने खर्च से मरम्मत, पुनर्निर्माण कर सके।





### यात्री प्रतीक्षालय शोपीस बना

बस स्टैंड में यात्रियों के ठहरने के लिए बनाया गया यात्री प्रतीक्षालय महज शो पीस बनकर रह गया है। यहां कोई भी यात्री नहीं ठहरता बल्कि दिन में नशेड़ियों का कब्जा और रात में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। यात्री प्रतीक्षालय में कुर्सी, पंखे, कूलर, टीवी लगाए गए थे, लेकिन देखरेख के अभाव में चोरी हो गई। सफाई के अभाव में गंदगी पसरी है।

### चारों तरफ गंदगी का आलम

बस स्टैंड परिसर में चारों तरफ गंदगी का आलम है। नालियों की सफाई रेग्युलर नहीं होती। परिसर में नाश्ता प्लेट, चाय पानी का कप, पेपर के अवशेष, फलों के छिलके, कचरा फैला रहता है जिससे व्यापारी व यात्री परेशान हैं। दुकानों से निकलने वाला गीला सूखा कचरा एक ही डस्टबीन में डाला जा रहा है। बस स्टैंड के प्रवेशद्वार से लेकर आखिरी सीमा तक मोटर साइकिल खड़ी रहती है। बारिश में परिसर दलदल में बदल जाता है। पानी निकासी नहीं होने से नालियों की गंदगी बस स्टैंड में फैल जाती है।

# प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की तिथि बढ़ी

**धमतरी।** स्नातक, स्नातकोत्तर स्तर के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश की तिथि 14 अगस्त तक बढ़ाई गई है। बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के बीएसी गणित, बीएससी आईटी, बीसीए, डीसीए, बीएचएससी, पीजीडीसीए, एमएससी गृहविज्ञान, आईटी, गणित, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, हिन्दी, राजनीति एवं एमकॉम प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं महाविद्यालय से सपंर्क कर प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

**खबर संक्षेप**

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज निकालेगा कांवड़ यात्रा कल

**जगदलपुर।** पावन श्रावण मास में बाबा भोलेनाथ की आराधना में लीन कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा आगामी 3 अगस्त को कांवड़ यात्रा निकाली जायेगी । महादेव घाट से इंद्रावती नदी का जल लेकर शंकर देवालय, प्रतापगंज में भोलेनाथ का जलाभिषेक किया जायेगा। कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज द्वारा पहली बार कांवड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तमाम तैयारियों को पूरा करने जिम्मेदारी कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज युवा संगठन को सौंपी गयी है। 3 अगस्त को सुबह 9 बजे से श्री शंकर देवालय, प्रतापगंज में कांवड़ यात्रा के लिये कांवड़ियां व श्रद्धालुजन एकत्रित होंगे। वहां से महादेव घाट पहुंच कर इंद्रावती नदी का जल ग्रहण कर कांवड़ यात्रा आरंभ होगी।

### लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में पौधारोपण होगा आज

**जगदलपुर।** उत्कल समाज का महिला विंग लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में 2 अगस्त को पौधारोपण किया जाएगा। दोपहर 3 बजे से 4.30 तक सावन महोत्सव के साथ साथ एक वृक्ष मां के नाम के तर्ज पर पौधारोपण करेंगे।

### कृषि मंत्री को ग्रामीण विस्तार अधिकारियों ने दिया ज्ञापन

**जगदलपुर।** जिले के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों ने कृषि मंत्री राम विचार नेताम से सर्किट हाउस मे मुलाकात कर ज्ञापन दिया । जिसमें नाम परिवर्तन सेटअप का पुनः निर्धारण, नवीन पदों का सृजन एवं अन्य मांगों से संबंधित ज्ञापन दिया है। कृषि स्नातक संघ के जिला अध्यक्ष गिरीश कश्यप सचिव बसंत जोशी फेडरेशन के संभागीय सचिव मनीष श्रीवास्तव एवं जिले के अन्य ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे।

### दांतों की सफाई को लेकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय मौखिक स्वास्थ्य दिवस पर डेंटल सर्जन डॉ. आशुतोष शुक्ला, डॉ. रीना मोरला, डॉ. नीलम सिंह द्वारा दातों की सफाई एवं दांतों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं से बचने एवं निराकरण के संबंध में विद्यार्थियों को भगत सिंह पूर्व माध्यमिक शाला में शुक्रवार को जागरूक किया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक श्रीमती यास्मीन खान, श्रीमती इंद्रा मथानी, श्रीमती रुपलता पांडे, उमेश पांडे, विशाल कुमार देवांगन, श्रीमती यशिका प्रधान की उपस्थिति में प्रोजेक्टर से बच्चों को समझाया गया।

## गांव लौटने पर शिवभक्तों का आतिशबाजी, डीजे की धुन पर फव्वारों से हुआ स्वागत

# सिवनीकला के 300 कांवरियों ने किया रुद्राभिषेक

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम सिवनीकला की बोल बम सेवा समिति के सदस्यों सहित गांव के लगभग 300 कांवरियों का जत्था भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने सिरपुर गया था। शिवभक्तों ने बम्हनी से जल लेकर सिरपुर में भगवान शिव को जल चढ़ाया।

30 जुलाई को कांवरियों का गांव में आगमन हुआ। प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवभक्त का धूमधाम से स्वागत किया गया। डीजे की धुन में भगवान भोलेनाथ के गीतों पर नृत्य करते हुए भक्त झूमते नजर आए। पानी का फव्वारा और आतिशबाजी के साथ सभी कांवरियों का भव्य स्वागत हुआ। पश्चात माता शीतला के मंदिर परिसर में स्थित भगवान भोलेनाथ के मंदिर के पास भक्तजनों ने पुरोहित के माध्यम से पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया। विधिवत पूजन संपन्न हुआ। भक्तों को भोजन प्रसादी दाऊ टकेश्वर चंद्राकर के शांति निवास में बांटा





गया। सभी कांवरियों को भेंट स्वरूप वस्त्र, नारियल और हनुमान चालीसा की किताब प्रदान की गई।

मौके पर बोलबम सेवा समिति के अध्यक्ष द्वारिका साहू, कोषाध्यक्ष वरेंद्र तारक, सचिव कपिल देव पटेल, उपाध्यक्ष काशी कारक, सेवादार राजकुमार सेन, बिसहत, जीवन, भोजराम पाल, दाऊ टिकेश्वर चंद्राकर, लता जितेश्वर ध्रुव सरपंच, दीपदान साहू उपसरपंच, केवल चंद्राकर, सुशील साहू, टेकराम साहू, विक्रम साहू, चंद्रप्रकाश, खिलावन चंद्राकर, निर्मल पाल, डॉ. सुरेश तारक, पुरुषोत्तम पटेल, सुरेश हिरवानी पंच, लोमस पंच, कुंजीलाल, तोषन, राजेंद्र निर्मलकर, लोमस साहू, रामेश्वर, बिसहत मंडल, शिव निर्मलकर, उगेश साहू , बोधन, दिली,प बालाराम पटेल, दिलेश्वर, धनराज, डीहू, दिलेंद्र , इंदु, नंद, भागी, जेठू, रामआसरा, अवध, संतराम, लक्ष्मण, शीतल, पीलुराम, द्विजराम, बंशी निर्मलकर, सुरेश, बिसेसर सहित अन्य उपस्थित थे।

## जनपद अध्यक्ष ने किया नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण



- ठेकेदार एवं इंजीनियर को शेष कार्य जल्द पूर्ण करने निर्देशित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम पंचायत भेंडरी में 6 बिस्तर वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन का वीरेंद्र साहू जनपद अध्यक्ष ने निरीक्षण किया। भवन निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है। बचे हुए कार्य को जल्द पूर्ण करने स्वास्थ्य केंद्र को हस्तांतरित करने ठेकेदार एवं इंजीनियर को निर्देशित किया ताकि मरीजो को अच्छी सुविधा मिल सके एवं नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का अगस्त माह के अंत तक उद्घाटन हो सके।

मौके पर मगरलोड स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ शारदा ठाकुर, जनपद सदस्य श्रीमती विनीता साहू, सरपंच श्रीमती राजेश्वरी पटेल, ग्रामीण विकास समिति अध्यक्ष नीलकंठ सिन्हा, बीपीएम मनोज पटेल, यादराम साहू उपस्थित थे।

# अस्पताल में पान गुटखा खाकर गंदगी फैलाने वालों का कटेगा चालान

- सिविल अस्पताल नगरी में आयोजित जीवन दीप समिति की बैठक में कई निर्णय लिए गए

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिविल अस्पताल नगरी में विधायक अंबिका मरकाम की अध्यक्षता में जीवन दीप समिति, साधारण सभा की मीटिंग सिविल अस्पताल नगरी में हुई। इस दौरान महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, बलजीत छाबड़ा अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी, शंकरदेव सभापति स्वास्थ्य समिति नपं नगरी थे। बीएमओ डॉ अरूण कुमार नेताम ने विकासखंड में चल रही क्लिनिकल गतिविधियों पर जानकारी दी। हितेन्द्र कुमार साहू खंड कार्यक्रम प्रबंधक नगरी ने स्वास्थ्य सेवाओं को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत किया। बताया कि विकासखंड में संचालित विभिन्न स्तर के 76 स्वास्थ्य केन्द्र में से सभी भवन युक्त है। किंतु 11 स्वास्थ्य केन्द्र अति जर्जर है जिनके नवीन भवन की आवश्यकता है। 31 स्वास्थ्य केन्द्रों में वृहद एवं समान्य रिपेयरिंग की आवश्यकता है। घर पर हो रही शिशु मृत्यु पर शिशु की देखभाल के लिए जनजागरूकता लाने की आवश्यकता पर जोर दिया। मातृ मृत्यु दर चिंता व्यक्त की। उच्च जोखिम गर्भवती माताओं की जांच पर फोकस किया गया । मीटिंग में सिविल अस्पताल नगरी की सुरक्षा, सफाई, भोजन व रेफरल व्यवस्था पर एनालिसिस की गई। इस पर अतिरिक्त संसाधन की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। रेफरल के दरम्यान समय पर 108 का कॉल नहीं लगने पर चिंता जताई। सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ किये जाने सुरक्षा गार्ड रखने, साफ सफाई व्यवस्था के तहत स्वीपर व सफाई कर्मियों की अतिरिक्त व्यवस्था तथा वार्ड में एक मरीज के साथ एक अटेंडर को सख्ती से लागू करने तथा मरीज से मिलने का समय व स्थान निर्धारित करने के निर्देश दिये गये ताकि अस्पताल में भर्ती मरीजों को द्वितीय संक्रमण से बचाया जा सके। अस्पताल में पान गुटखा खाकर गंदगी फैलाने वालों का चालान काटने के निर्देश दिये। मीटिंग में 2024-25 में आय व्यय की जानकारी, पिछली मीटिंग में दिये गये निर्देशों का फॉलोअप, भविष्य के विभिन्न कार्यों पर अनुमोदन किया।

अस्पताल परिसर सौदर्यीकरण के तहत नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने सलाह दी कि बाहर अस्पताल के अहाते से लगी हुई अस्थायी दुकानों को व्यवस्थित कर दिया जाये तो अस्पताल की आय के स्रोत बढ़ेंगे एवं सौदर्यीकरण भी हो जायेगा जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई। डॉ एके नेताम खंड चिकित्सा अधिकारी नगरी ने आभार व्यक्त किया गया।

मौके पर अनुविभागीय अधिकारी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रिषभ बिसेन जेई विद्युत विभाग नगरी, दुर्गेश साहू प्रतिनिधि नपं, श्री बाघ चक्रधर थाना प्रभारी नगरी, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ डीएन सोम, डॉ अनिता पैकरा, डॉ प्राची ठाकुर, डॉ अनुप्रिया भोई, श्रीमती ज्योति हीराधर नर्सिंग स्टेशन इंचार्ज, एनोस जोसेफ एमएलटी, धर्मेन्द्र सिन्हा फार्मासिस्ट, प्रेमलाल साहू बीएएम, डीसी ध्रुव सुपरवाईजर उपस्थित थे।

## तुलसीदास का रामचरित मानस जीवन का सार है

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

सिरसिदा शंकरपारा में नवयुवक बाल रामायण मानस परिवार के तत्वावधान में तुलसीदास की जयंती मनाई गई। तुलसीदास के तैलचित्र की पूजा-अर्चना कर रामचरित मानसगान का आयोजन किया गया। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ।

मुख्य अतिथि प्रेमलता नागवंशी ने कहा कि तुलसीदास का रामचरित मानस जीवन का सार है । रामायण हर घर में रहनी चाहिए। रामचरित मानस की हर गाथा को अमल करना चाहिए।



विशिष्ट अतिथि आनंद अवस्थी ने भी कविता के माध्यम से तुलसीदास के जीवन पर प्रकाश डाला।

मौके पर तेजनाथ साहू, उमाशंकर नागवंशी, एलएल साहू, भवानी लाल साहू, लकेश साहू, संत, दीपक, दिव्य, तोषण साहू, दिशा ध्रुव, पूर्व सरपंच मीना तिवारी, बसंती ध्रुव, भुनेश्वरी ध्रुव, जितेन्द्र साहू, तरूण निषाद, डाकेंद्र साहू मौजूद रहे।

## रूफटॉप सोलर पैनलों को बढ़ावा दे रही भारत सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

भारत सरकार रूफटॉप सोलर पैनलों को बढ़ावा दे रही है, जिससे 1 करोड़ घरों को मुफ्त बिजली मिल सके। योजना का लक्ष्य 75,021 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ 2026-27 तक 1 करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करना है।

2 किलोवाट तक की प्रणाली के लिए 60 प्रतिशत और 2 से 3 किलोवाट के बीच की प्रणाली के लिए 40 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाएगी, जिसकी सीमा 3 किलोवाट तक है साथ ही राज्य सरकार द्वारा



30000 रूपये सब्सिडी की महत्वपूर्ण घोषणा विष्णुदेव साय द्वारा की गई है। वित्तीय सहायता योजना के तहत 1 किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 रुपये, 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 60,000 रुपये और 3 किलोवाट या उससे अधिक प्रणाली के लिए 78,000 रुपये की सब्सिडी दी जायेगी प्रति माह 300 यूनिट तक बिजली की खपत करने वाले घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है। जिनके पास उपयुक्त छत और वैध बिजली कनेक्शन है, वे इस योजना के लिए पात्र हैं।

आवेदन ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। यह योजना भारत सरकार की सतत ऊर्जा लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसी कड़ी में भखारा सीएसईबी द्वारा भी अंचल के लिए कैंप रखा गया था जिसमें लोगों ने पंजीयन कराया और जानकारी हासिल की।

इस दौरान नपं अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, एई सीमा ठाकुर, जेई ध्रुव, पार्षदगण दीनानाथ साहू, डुमेंद्र गैंगबेल, भूपेंद्र यादव सहित अन्य मौजूद थे।

## जपं सभापति ने किया कोसमर्रा संकुल में मितानिनों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

कोसमर्रा संकुल में जनपद सभापति सिन्धु बैस द्वारा मितानिनों को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया गया। उन्होंने मितानिनों से कहा कि वे बच्चों और महिलाओं को कुपोषण मुक्त कराएं। बीपी, शुगर, कैंसर, हृदय रोग के बारे में लोगों को जागरूक करें। उन्होंने शासन से मांग की कि सभी आरोग्य मंदिर में एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराई जाए एवं नर्सों की भर्ती की जाए।

## सेवानिवृत्त जरूर हुए हैं, पर सेवा के दायित्व से नहीं : शांडिल्य

- संकुल केंद्र कर्राघाटी में सेवानिवृत शिक्षकों को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिलभदर में सेवानिवृत्त शिक्षकों का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रकाशचंद्र साहू के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समारोह में संकुल के सेवानिवृत्त शिक्षक राजेंद्र कुमार यदु प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरडुला, कैलाशशंकर यादव प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय बिलभदर, रामूलाल साहू प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय कर्राघाटी,



जानकी छेदैहा उच्च वर्ग शिक्षक पूर्व माध्यमिक विद्यालय कर्राघाटी, गोपीचंद यादव प्रधान पाठक प्राथमिक विद्यालय बिलभदर, महेश नागेश प्रधानपाठक प्राथमिक विद्यालय चचानवाही को शॉल, गुलदस्ता एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संकुल प्राचार्य आभा श्रीवास्तव ने कहा कि संकुल परिवार सेवानिवृत्त शिक्षकों के कार्यों को सदैव याद रखेगा। उनकी कुशल कार्यक्षमता व उत्कृष्ट योगदान हमारे लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। सम्मान समारोह के संयोजक चंद्रहास शांडिल्य ने कहा कि ये शिक्षक सेवानिवृत्त जरूर हुए हैं, पर सेवा के दायित्व से नहीं। इनके मार्गदर्शन की हमें हमेशा अपेक्षा रहेगी। सेवानिवृत्त शिक्षकों ने अपने सेवाकाल की चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र साहू ने किया।

मौके पर सरपंच चित्ररेखा कुंजाम, प्रदीप कुंजाम, नारदराम ध्रुव, द्रौपदी यादव, पूनम सोनवानी, योगिता साहू, सरस्वती कोसरे, दीक्षा सूर्यवंशी, सावित्री साहू, वंदना गजपाल, लक्ष्मी पटेल, हेमपुष्पा साहू, दिनेश साहू, ललित साहू, स्मिता मरकाम, सरिता ध्रुव, भूपेंद्र सोम एवं संकुल समन्वयक कामेश्वर साहू उपस्थित थे। यह जानकारी शिक्षक राजकुमार शील ने दी।

## नपं अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों को किया आमंत्रित





हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

सर्व जिला आदिवासी समाज एवं तहसील साहू समाज भखारा ने 9 एवं 10 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने नगर पंचायत अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण दिया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित थे।

## पशुपालन और उद्यानिकी योजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा, समन्वित और योजनाबद्ध कार्य प्रणाली अपनाने के निर्देश दिए

# उद्यानिकी और पशुपालन में नवाचारों को मिलेगा बढ़ावा, केसीसी अभियान में लाई जाएगी तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में उद्यानिकी एवं पशुपालन विभागों के कार्यों की अलग-अलग समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए समन्वित और योजनाबद्ध कार्य प्रणाली अपनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचे, यह सुनिश्चित करना सभी संबंधित विभागों की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने विभागीय अधिकारियों से जिले में चल रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी ली। पशुपालन विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने पशुओं के पंजीयन, उपचार, टीकाकरण और मौसमी रोग नियंत्रण के उपायों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पशुपालकों को मोबाइल यूनिट के माध्यम से गांवों में जाकर सेवाएं देने के निर्देश दिए। सभी पशु चिकित्सकों को कृत्रिम गर्भाधान और टीकाकरण में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।



बैठक में जिले में दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने के प्रयास की समीक्षा भी की गई। कलेक्टर ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए डेयरी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। पशुपालकों को उचित प्रशिक्षण, चारा प्रबंधन और दुग्ध संग्रहण की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। उद्यानिकी विभाग अंतर्गत सब्जी उत्पादन, फलोद्यान विकास, पॉलीहाउस तकनीक और ड्रिप इरिगेशन जैसी आधुनिक विधियों को बढ़ावा देने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना करते हुए कलेक्टर ने कहा कि जिले की भौगोलिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्नत किस्मों की खेती को बढ़ावा देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को नवाचार आधारित मॉडल तैयार कर किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि जिले के पशुपालकों और किसानों को अधिक से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) बनाकर लाभान्वित किया जाए। इसके लिए सभी संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों की शीघ्र तैयारी और बैंकों से समन्वय बनाकर समयबद्ध निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पशुपालकों के केसीसी प्रकरणों में तेजी लाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए।



बैठक में जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव, उपसंचालक पशुपालन महेश मरकाम, सहायक संचालक उद्यानिकी गीता साहू सहित अधिकारी उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### सहज समाधि मेडिटेशन से होता है उर्जा का संचार



**धमतरी।** दि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था द्वारा तीन दिवसीय सहज समाधि मेडिटेशन का आयोजन कबीर आश्रम में किया गया जिसमें अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। टीचर तामेश्वर साहू ने बताया कि सहज संस्कृत का एक शब्द है जिसका अर्थ है स्वाभाविक या सरल और समाधि अर्थात एक गहरी आनंदित ध्यानपूर्ण अवस्था। सहज समाधि ध्यान स्वयं की चेतना से साक्षात्कार करने की एक सरल तकनीक है। व्यक्ति जागृत अवस्था में रहते हुए भी मन में गहरे विश्राम की अनुभूति करता है। कार्यक्रम में अमित मोटवानी, डिगेश्वर साहू, अमित पिंजानी, मोहन साहू, अमित बुधवानी, प्रियंका देशमुख, मोनिका पटेल, राजकुमार भोजवानी, श्याम सुंदरानी, अनमोल मुंजवानी, डॉ. रावटे, चमनलाल ने भाग लिया। इस आयोजन में राजा माधवानी, पीएन साहू, भोजराज सिन्हा, नीलमणि साहू, प्रेमलता साहू की अहम भूमिका रही।

### ओंकारेश्वर से लौटे सिहाद के कांवरियों का हुआ स्वागत



**कोर्रा(भखारा)।** सिहाद के बोल बम कांवरिया समिति ने ओंकारेश्वर महादेव में जल चढ़ाया। बोल बम समिति ग्राम सिहाद के 59 सदस्य उज्जैन महाकाल के दर्शन के लिए निकले। सर्वप्रथम मैहर के शारदा भवानी के दर्शन किए। उसके बाद भेड़ाघाट जलप्रपात देखा फिर सीहोर कुबेर भंडारी कुबरेश्वर धाम के दर्शन किए। फिर वहां से उज्जैन महाकाल की नगरी भोले बाबा के दर्शन किए और गांव की सुख, शांति ,खुशहाली की कामना के लिए प्रभु भोलेनाथ से प्रार्थना की। सोमवार को ओंकारेश्वर धाम पहुंचे। भोले भंडारी को नर्मदा नदी से जल लेकर चढ़ाया, फिर वहां से रवाना होकर भोरमदेव भोले भंडारी के दर्शन करते हुए वापस ग्राम सिहाद लौटे। त्रिकुटी धाम में भोजन भंडारा तैयार किया गया। शाम को डीजे की धुन पर कांवरियों का स्वागत किया गया। शोभायात्रा जैसे ही स्कूल चौक पर पहुंची वहां पर भोले भंडारी की आरती की गई। मौके पर सरपंच प्रतिनिधि छत्रपाल बैस, बस्ती पंचायत के संरक्षक भूषण लाल साहू ने अपना आशीर्वचन दिया। यह जानकारी गीतेंद्र साहू ने दी।

### प्रत्येक व्यक्ति पौधारोपण जरूर करें : गौकरण



**सिर्री।** शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल कठौली एक अगस्त को पौधरोपण किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, विशेष अतिथि शाला विकास समिति अध्यक्ष नीलमणि निषाद, सदस्य सागर साहू, जनपद सदस्य दिलीप चक्रधारी थे। जिपं उपाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाना चाहिए। पारिस्थितिक तंत्र, वातावरण को संतुलित बनाए रखने में पेड़ पौधों का विशेष योगदान है। सागर साहू ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति 1 पौधा लगाने का संकल्प लें । मौके पर प्राचार्य नरेन्द्र वर्मा एवं शिक्षकगण टीसी साहू, एनके धीवर, लक्ष्मीनाथ जोशी, बीके देव, जितेंद्र सुधाकर, केके साहू, डीके मरकाम, शिक्षिका टी.साहू, सुश्री कनौजिया व शाला के छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

### 11 विद्यार्थियों ने आजीवन नशा नहीं करने का लिया संकल्प





**धमतरी।** गायत्री परिवार द्वारा किशोर कौशल अभियान के तहत गुरुवार को शहर के नत्थूजी जगताप नगरनिगम उमावि में नशा मुक्त भारत अभियान चलाया गया। अनेक विद्यार्थियों ने जीवन भर नशा न करने व आसपास के लोगों को भी नशा से दूर रहने प्रेरित करने का संकल्प लिया । जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बहुमूल्य मानव जीवन का महत्व बताते हुए प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया। प्रभारी नारायण कौशिक ने कहा कि सफलता प्राप्त करने मन की एकाग्रता जरुरी है। भासंज्ञाप के जिला सचिव एलके यादव ने कहा कि प्रतिदिन नियमित पांच बार गायत्री मंत्र का जाप करने से शरीर और मन स्वस्थ रहता है। कार्यक्रम का संचालन गायत्री परिवार के जिला समन्वयक दिलीप नाग व आभार व्यक्त अमरजीत सिंह बेदी ने किया। संकल्प पाठ बबीता साहू ने कराया।

### बिना अनुमति पेड़ काटा, कार्रवाई नहीं





**अंवरी।** ग्राम भठेली में पेड़ कटाई का मामला सामने आया है। बसंत सिंह सोन पिता मेघसिंह सोन जाति तेली निवासी ग्राम भठेली तहसील भखारा जिला धमतरी हाल मुकाम पाटन तहसील पाटन जिला दुर्ग छग ने बताया कि वह अपने आधिपत्य की आबादी भूमि ग्राम भठेली खसरा नं. 384 के भाग पर काबिज है। मेरी भूमि को लेखराम पिता देवलराम साहू निवासी ग्राम सिलौटी ने अवैधानिक कब्जा करने की नीयत से वहां लगे बबूल पेड़ की बिना अनुमति की कटाई की है जिसकी शिकायत नायब तहसीलदार भखारा के समक्ष की गई थी। नायब तहसीलदार भखारा ने पेड़ कटाई आवेदन पत्र को मार्क करते हुए हल्का पटवारी को प्रतिवेदन हेतु आदेशित किया है। उसके बाद भी प्रकार से कार्रवाई नहीं की गई है। बसंत सिंह सोन ने कलेक्टर को आवेदन लिखकर न्याय की गुहार लगाई है। इस संबंध में लेखराम से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

#### नगर निगम में डीजल चोरी के मामले ने तूल पकड़ा, भाजपा के बाद कांग्रेस थाने पहुंची

# कांग्रेसियों ने पांच दिन का दिया समय एफआईआर न होने पर करेंगे उग्र प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी



नगर निगम में डीजल चोरी का मामला शांत होता दिख नहीं रहा है। कल भाजपा पार्षदों ने सिटी कोतवाली में नगर निगम की छवि धूमिल करने के नाम से थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा वहीं आज कांग्रेसजनों ने कांग्रेस भवन से नारेबाजी करते हुए सिटी कोतवाली पहुंचकर नगर निगम में डीजल चोरी करने वालों के खिलाफ एफआईआर का मांग पत्र सिटी कोतवाली प्रभारी को सौंपा।

नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने कहा कि यह जुमलेबाजी की सरकार है। प्रमाणित दस्तावेजों के साथ कांग्रेस पार्टी ने नगर निगम में हो रहे भ्रष्टाचार को उजागर किया है। आज डीजल चोरों के खिलाफ एफआईआर की मांग पत्र सौंपने थाने पहुंचे हैं। लाखो रुपए का घोटाला का पर्दाफाश कांग्रेसियों द्वारा किया गया है। डीजल घोटाला के दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए। युवा कांग्रेस के जिला महासचिव गीत राम सिन्हा ने कहा कि हमने प्रामणित दस्तावेजों के साथ निगम के डीजल घोटाला को उजागर किया है। पिछले चार महीना से गैरेज में बंद पड़ी गाड़ी लाखों रुपए की डीजल पी रही है। पांच दिनों के अंदर अगर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती तो कांग्रेस पार्टी सदन से सड़क की लड़ाई लड़ाई लड़ेगी। एनएसयूआई छात्र नेता गौतम वाधवानी ने कहा कि जनता के खून पसीने की कमाई को गबन किया जा रहा है। पार्षद सुमन मेश्राम ने कहा कि धमतरी निगम के लगातार मामले उजागर हो रहे हैं। घटिया रिक्शा सप्लाई, 22 गौ माता की चोरी और अब डीजल घोटाला उजागर हो गया है। डीजल घोटाले में शामिल दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई।

सिटी कोतवाली पहुंचे वालों में ब्लॉक कांग्रेस 1 अध्यक्ष आकाश गोलछा, पार्षद सुमन मेश्राम, पूर्णिमा गजानंद रजक, उमा भागी ध्रुव, रामेश्वरी कोसरे, युकां अध्यक्ष हितेश गंगवीर, पूर्व पार्षद कमलेश सोनकर, राजेश ठाकुर, राजेश पांडे, सोमेश मेश्राम, अविनाश मोरेठे, नमन बंजारे, आशुतोष खरे, रजत सोनकर, सूरज पासवान, देवेंद्र देवांगन, फैजान, रिजवान समेत अनेक कांग्रेसी हैं।

## धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने उप मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नगरी

कोटाभर्री डोंगरडुला स्थित पवित्र तीर्थस्थल श्री भीमा कोटेश्वर महादेव मंदिर में भव्य धार्मिक अनुष्ठान के लिए भावनात्मक श्रद्धा और सामाजिक समर्पण का अनुपम उदाहरण देखने को मिला।

इस आयोजन में छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक चेतना को जागृत करने एवं जनसंपर्क को सशक्त बनाने के लिए मंदिर समिति की ओर से एक शिष्टमंडल ने उपमुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव को आमंत्रित करने उनके निज निवास पर भेंट की। इस शिष्टमंडल में समिति अध्यक्ष मुकेश बघेल, सचिव संतोष चौहान, कोषाध्यक्ष तुकेश्वर साहू, संरक्षक मदन नाग पुजारी एवं मार्गदर्शक सत्यनारायण बाबा, भगवताचार्य रायपुर के विकास शास्त्री शामिल रहे। शिष्टमंडल ने मंदिर परिसर में प्रस्तावित धार्मिक आयोजन की रूपरेखा से अवगत कराते हुए समारोह में आमंत्रित किया। उपमुख्यमंत्री ने इस निमंत्रण को विनम्रता एवं आत्मीय भाव से स्वीकार करते हुए कहा कि धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का प्रतीक भीमा कोटेश्वर महादेव मंदिर समिति की यह पहल निःसंदेह जनमानस में श्रद्धा, सौहार्द्र और सांस्कृतिक चेतना का संचार करेगी।

#### चिकित्सक हमारे स्वास्थ्य के रक्षक हैं : अंगिरा ध्रुव

## डॉ. तारिणी का ग्रामीणों ने किया सम्मान

**धमतरी।** ग्राम खरेंगा निवासी डॉ. तारिणी साहू पिता अर्जुन साहू एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण होने के बाद स्वास्थ्य केंद्र नगरी में पदस्थ हुई। डॉ. तारिणी का नागरिक अभिनंदन समारोह रखा गया। इस समारोह में जनपद अध्यक्ष अंगिरा ध्रुव शामिल हुईं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि डॉक्टर हमारे स्वास्थ्य के रक्षक हैं। डॉक्टर न केवल बीमारियों का इलाज करते हैं बल्कि वे मरीजों का मार्गदर्शन भी करते हैं। उन्हें स्वस्थ जीवन करने के लिए प्रेरित करते हैं। आगे कहा कि इस अंचल के सैकड़ों युवा देश की सेवा में अपना अमूल्य योगदान दे रहे हैं और अब ग्राम खरेंगा की डॉ तारणी स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है। मौके पर पूर्व विधायक इंदरचंद चोपड़ा, अवनेंद्र साहू पूर्व उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, केशव साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत धमतरी, मोनिका ऋषभ देवांगन जिला पंचायत सदस्य, गोपाल साहू, डेरहू साहू, मोहन साहू, श्रीमती नीलम, टीआर साहू सरपंच, उपसरपंच डिसेंद साहू, योगेश्वर साहू, भारत साहू, विवेकानंद साहू,



त्रिभुवन लाल साहू, राकेश साहू, कमलेश साहू, शैलेन्द्र साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं परिवारजन उपस्थित थे।

## विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय में रोपे गए पौधे

- 15 अगस्त तक वृहद पौधारोपण का लक्ष्य, अब तक 1120 पौधों का हुआ रोपण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

विद्युत विभाग अंतर्गत पूरे प्रदेश के वितरण केन्द्रों, विद्युत उपकेंद्रों, उपसंभागों एवं संभागीय कार्यालय तथा उच्च कार्यालयों में 15 अगस्त तक वृहद पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी तारतम्य में संभागीय कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण करने के पूर्व पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल करने संकल्प सभा आयोजित की गई । विद्युत विभाग के प्रदेश कार्यालय द्वारा दिए गए 1000 पौधे लगाने के लक्ष्य की तुलना में धमतरी जोन में 100 पौधे, अर्जुनी उपसंभाग के अर्जुनी, छाती आमदी में 240 पौधे, धमतरी जोन में 250 पौधे, ग्रामीण उपसंभाग के गोकुलपुर, कुकरेल, केरेगाव में 250 पौधे, नगरी उपसंभाग के नगरी, सिहावा सांकरा में 250 पौधे, बेलरगांव उपसंभाग के बेलरगांव एवं गट्टासिल्ली में 230 पौधे एवं संभागीय कार्यालय में 50 पौधे रोपे गए। इस तरह कुल 1120 पौधे रोपे गए तथा उनकी सुरक्षा हेतु ट्री गार्ड भी लगाया गया ।

धमतरी संभाग के कार्यपालन अभियंता अनिलप्रसाद सोनी ने संभाग के अधिकारी कर्मचारियों को अपने संदेश में कहा कि पौधे लगाकर उनके बड़े होने तक उसे खाद, पानी देना और देखभाल करने का संकल्प लेना सकारात्मक सोच है। इस संकल्प पर हम कितना खरा उतरते हैं, इसका मूल्यांकन किया जाना चाहिए।

## क्षेत्र का प्रत्येक युवा हुनरमंद और आत्मनिर्भर बने : ओंकार



- आजीविका महाविद्यालय में जिला स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का समापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

जिला परियोजना आजीविका महाविद्यालय में आयोजित जिलास्तरीय कौशल प्रतियोगिता का समापन समारोह बुधवार को हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ओंकार साहू थे।

विधायक साहू ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे प्रतिभाशाली युवाओं के जोश, आत्मविश्वास और तकनीकी कौशल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं युवाओं के लिए न सिर्फ आत्म-विश्लेषण का अवसर देती हैं, बल्कि उन्हें अपनी क्षमता को निखारने और रोजगार की दिशा में अग्रसर होने की प्रेरणा भी देती हैं। विधायक ओंकार साहू ने आगे कहा कि मेरा मंशा है कि क्षेत्र के प्रत्येक युवा हुनरमंद बने और आत्मनिर्भर बने। आगे कहा कि जिला प्रशासन और कौशल विकास विभाग ने एक बेहतरीन मंच प्रदान किया है, जिससे स्थानीय युवाओं की प्रतिभा को दिशा मिलेगी। विधायक ने आह्वान किया कि

हम सब मिलकर हर युवा को अवसर, प्रशिक्षण और मंच देने का कार्य करेंगे ताकि वह सक्षम, सशक्त और सफल बन सके। कार्यक्रम में विभिन्न ट्रेड्स और सेक्टर्स से जुड़े युवाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में कौशल प्रदर्शन किया। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह में सफल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए। मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा, जिले के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, प्रशिक्षण प्रदाता संस्थाओं के प्रतिनिधि, प्रशिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## भिलाई कॉलेज के 20 विद्यार्थी विजिट में पहुंचे वाटर ट्रीटमेंट प्लांट



हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

सेंट थॉमस कॉलेज रिसाली भिलाई में अध्ययनरत रसायनशास्त्र एमएससी के 20 छात्रों ने प्राध्यापक अरविंद साहू व चन्दा वर्मा के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम के दौरान धमतरी नगरनिगम के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और ग्राम अर्जुनी धमतरी के पीबीएस आयल मिल पहुंचकर स्टडी और अवलोकन किया कि तरह पानी फिल्टर किया जाता है।आयल कैसे तैयार होता है।

नगरनिगम द्वारा संचालित वाटर ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे में छात्रों को सब इंजीनियर लोमश देवांगन, पानी जांचकर्ता श्री खान ने नहर का पानी प्लांट में कैसे पहुंचता है, फिर किस तरह पानी को फिल्टर किया जाता है, इसकी पूरी जानकारी दी।

### • विद्यार्थियों से मिले महापौर

महापौर रामू रोहरा विद्यार्थियों के आग्रह पर प्लांट पहुंचे। महापौर श्री रोहरा छात्र-छात्राओं से कहा कि अच्छा लगा आप लोग धमतरी के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को देखने के लिए आए। नहर से प्राप्त पानी को शुद्ध कर शहर के 40 वार्डों में घरों तक पीने के लिए पहुंचा रहे हैं । बाजू में और प्लांट तैयार हो रहा है। महापौर ने मुजगहन में बन रहे संयंत्र के बारे कहा कि शहर से निकलने वाले गंदा व बरसाती पानी को साफ कर उद्योग के लिये दिया जायेगा।

### • पीबीएस आयल फैक्टी देखकर खुश हुए विद्यार्थी

ग्राम अर्जुनी स्थित पीबीएस आयल मिल पहुंचे सेंट थॉमस कालेज भिलाई के विद्यार्थी प्रोसेसिंग को देखकर काफी खुश हुए। कॉलेज के छात्र- छात्राओं को प्रबंधन ने पूरी जानकारी दी।

## शरीर का अंत होने पर दुख नहीं महोत्सव मनाएं : प्रशम सागर



- जैन मुनियों का प्रवचन सुनने उमड़ रहे समाजजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी

पार्श्वनाथ जिनालय इतवारी बाजार जैन मुनियों का प्रवचन सुनने श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस दौरान प्रशम सागर मसा ने कहा कि एक बार एक बच्चे से कक्षा से पूछा गया कि तुम कौन सा विषय नहीं पढ़ना चाहते तो एक बच्चे ने कहा इतिहास। कारण बताया कि इतिहास बनाता कोई और है, लिखता कोई और है लेकिन पढ़ना हमें पड़ता है। उसका हमारे जीवन से कोई लेना-देना नहीं है। फिर उसे पढ़ने का क्या अर्थ है। ठीक उसी प्रकार आज तक हम संसार को बढ़ाने वाले ज्ञान को पढ़ते आए हैं जिससे आत्मा का कोई संबंध नहीं है। अब हमें उस ज्ञान को, उस विषय को पढ़ना है जिसका संबंध आत्मा से है।

आगे कहा कि किसी भी जीव का जीवन असंस्करित है क्योंकि एक दिन इस शरीर का इसका अंत जरूर होगा। शरीर का अंत होने पर दुख नहीं महोत्सव मनाया जाए। हमें इस प्रकार का जीवन व्यतीत करना चाहिए। ज्ञानी कहते हैं कि यह जीवन क्षणभंगुर है इसलिए क्षणभर भी प्रमाद अर्थात आलस्य नहीं करना चाहिए। प्रमाद करने वाले का जीवन व्यर्थ हो जाता है। यह दुर्लभ मानव जीवन प्रमाद के लिए नहीं बल्कि आत्मा के विकास के मिला है। जागरूक रहने वाला जीव ही जीवन को जीवंत बना सकता है । हम जीवन में अर्थ अर्थात धन और भोग के लिए हमेशा जागृत रहते है लेकिन धर्म, आराधना, साधना की दृष्टि से सोए हुए हैं अर्थात प्रमाद कर रहे हैं।

## अनुभव एवं ज्ञान से हर समस्या का हल संभव : रंजना

- सहकारिता में शिक्षण और प्रशिक्षण का बहुत अधिक महत्व है: डा. दीक्षित
- जिले के 74 लैम्पस व पैक्स के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धमतरी





जिला सहकारी संघ के तत्वावधान में जिले के 74 लैम्पस व पैक्स के नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण नीलामी परिसर वन विभाग धमतरी में आयोजित किया गया, जिसमें पदाधिकारियों के अधिकार एवं कर्तव्य, नेतृत्व विकास, सहकार से समृद्धि एवं कृषि संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रंजना साहू पूर्व विधायक थीं। अध्यक्षता मीना साहू सभापति सहकारिता जिला पंचायत धमतरी ने की। विशिष्ट अतिथि डेमू साहू पूर्व सरपंच, अति विशिष्ट अतिथि प्रदीप ठाकुर उपायुक्त सहकारिता, पीसी ध्रुव मुख्य कार्यपालन अधिकारी छग राज्य सहकारी संघ रायपुर, डॉ एएन दीक्षित प्रवक्ता एवं पूर्व प्राचार्य पीजी कॉलेज, डॉ ईश्वर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक केविके धमतरी, सुमन ध्रुव सहायक आयुक्त सहकारिता, बलराम पुरी गोस्वामी नोडल अधिकारी एवं अन्य अतिथि सीपी साहू प्राधिकृत अधिकारी जिला सहकारी संघ धमतरी, डॉ दीपिका चंद्रवंशी उद्यानिकी विभाग, पूर्णिमा घानेकर एससीआई, लालबहादुर सिंह फील्ड ऑफिसर इफको, किशन यदु शाखा प्रबंधक थे।

मुख्य अतिथि रंजना साहू ने कहा कि वर्तमान में सहकारिता को समझना एक टेढ़ी खीर है। सहकारिता में एक दूसरे को समझना और कार्य करना एक चुनौती पूर्ण कार्य है। आशा है कि पदाधिकारी अपने ज्ञान एवं अनुभव का उपयोग कर किसानों के हित में कार्य करेंगे। मीना साहू ने कहा कि सहकारी क्षेत्र में कृषकों को जो खाद बीज की समस्याएं आती है, उनका त्वरित निदान किया जाना चाहिए। प्रदीप ठाकुर उपायुक्त सहकारिता ने बताया कि जिला संघ धमतरी अपने उद्देश्य के अनुरूप समस्त सहकारी संस्थाओं हेतु समय-समय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करता है, जो पदाधिकारी की नेतृत्व क्षमता में विकास हेतु लाभप्रद होता है। बलरामपुरी गोस्वामी ने बताया कि मिलजुलकर कार्य करने का नाम ही सहकार है। हमें सहकारिता को सफल बनाने के लिए संकल्पित होना होगा। सहकारिता भारतीय कृषि की जीवन रेखा है। पीसी ध्रुव ने बताया कि सहकारिता ने कृषकों को ऋण जाल से मुक्त कराया है, फलस्वरूप शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण वितरण हो रहा है। जिला संघ के प्राधिकृत अधिकारी सीपी साहू ने जिला संघ के क्रियाकलापों से अवगत कराया।

विषय विशेषज्ञ डॉ एएन दीक्षित ने कहा कि सहकारिता में शिक्षण और प्रशिक्षण का बहुत अधिक महत्व है। अद्यतन बने रहने के लिए निरंतर प्रशिक्षण लेना भी आवश्यक है। वर्तमान में सभी पैक्स में मॉडल बायलॉज अपना लिया गया है। उनका निरंतर अध्ययन करने से संस्था हित में करने हो सरलता होगी। वक्ता राजेश साहू व्याख्याता सहकारी प्रशिक्षण केंद्र रायपुर ने एक अच्छे लीडर के गुण बताए। पुरुषोत्तम सोनी व्याख्याता सहकारी प्रशिक्षण केंद्र रायपुर ने सहकारी समितियों की प्रबंध व्यवस्था, पदाधिकारियों के अधिकार एवं कर्तव्य की जानकारी दी। डॉ. ईश्वर सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक ने कृषि विज्ञान केंद्र में धान की विभिन्न वैरायटियों के रिसर्च कार्य से अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन एपी गुप्ता प्रबंधक जिला सहकारी संघ धमतरी ने किया।



## खबर संक्षेप

### गोदाम निर्माण के लिए 12.41 लाख स्वीकृत

**धमतरी।** प्राथमिक सहकारी समिति कण्डेल के धान उपार्जन केंद्र में 200 मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम निर्माण अनुमानित लागत 12.41 लाख की स्वीकृति मिली। कण्डेल समिति ने कृषिमंत्री रामविचार नेताम द्वारा स्वीकृति प्रदान करने के लिए रामू रोहरा महामंत्री प्रदेश भाजपा एवं महापौर के प्रति यतीशभूषण श्रीवास्तव, गिरधर सार्वा सरपंच कण्डेल, बूथ अध्यक्ष लोकेंद्र मच्छेन्द्र, ओंकार ध्रुव, हेमूराम साहू, मधुप नागरची ने आभार व्यक्त किया है।

### मानस शिशु मंदिर में बाल कैबिनेट का गठन



**धमतरी।** श्री मानस शिशु मंदिर प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय जोधापुर में विगत दिनों शैक्षणिक सत्र 2025 -26 के संचालन के लिए प्रधानाचार्य भीमसेन ध्रुव एवं वरिष्ठ आचार्य धनंजय कुमार साहू ने बाल कैबिनेट का गठन कर शपथ दिलाई। बच्चों में नेतृत्व क्षमता को विकसित करने, अधिकार एवं कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा अपने कार्य को बखूबी निभाने व उन्हें सक्षम बनाने के लिए दायित्व सौंपा गया। तुषार कुमार साहू को प्रधानमंत्री बनाया गया। उपप्रधानमंत्री का दायित्व कुमारी जिया साहू ने लिया। मौके पर श्री मानस समिति के अध्यक्ष लखमशी भानुशाली, सचिव नन्दलाल यादव, उपाध्यक्ष द्वय नरेन्द्र कुमार मिश्रा, हरि कटारिया, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश महावर, उपसचिव श्रीमती हेमलता हिशीकर, सदस्य जेएल साहू, महेंद्र कुमार राजपुरिया, किरण गांधी, प्रकाश गांधी, श्रीमती निशा पवार ने बाल सांसदों को शुभकामनाएं दीं।

### स्काउट-गाइड के छात्रों ने किया पौधारोपण

**नगरी।** भारत स्काउट एवं गाइड स्थानीय संघ नगरी के सदस्यों ने पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ग्राम सांकरा में आयोजित वृहद पौधरोपण महाअभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। यह अभियान हरियर परिवार और शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल सांकरा के संयुक्त तत्वावधान में स्मृति वन परिसर और स्कूल परिसर में संपन्न हुआ। संघ अध्यक्ष महेन्द्र नेताम, सचिव दुधेश्वर साहू, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी, सदस्यगण शशि ध्रुव, सुलोचना साहू, उमेन्द्र मरकाम, विमला ध्रुवा, शशि बंसोर, गायत्री बोदले, निशा साहू, बलराम देवांगन, हेमंत जांगड़े एवं सभी स्काउट-गाइड के बच्चों ने पूरे उत्साह से पौधारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का परिचय दिया। शाला विकास समिति अध्यक्ष जन्मेजय साहू एवं प्राचार्य अनुभा अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की थी।

### पीएचसी मगरलोड में मरीजों को फल वितरित

**मगरलोड।** जनपद पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र साहू के जन्म दिवस के अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मगरलोड में फल का वितरण किया। श्री साहू ने समर्थकों के साथ अस्पताल पहुंचकर मरीजों से उनका हालचाल जानते हुए फल बांटा एवं आशीर्वाद लिया।

सिहावा चौक से कोलियारी पुल तक सैकड़ों गड्ढे, राहगीरों को हर पल खतरा

# बारिश से शहर की सड़कें हो रही खराब, विभाग करा रहा मरम्मत



**धमतरी।** अंचल में लगातार हो रही रिमझिम बारिश से शहर की सड़कें बुरी तरह खराब हो गई हैं। डामर उखड़ गया गया है। पग-पग में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। वाहनों को हिचकोले खाते आगे बढ़ना पड़ रहा है। वाहनों की स्पीड कम हो गई है। गड्ढों में पानी भरने से साइकिल, बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। बड़ा गड्ढा तालाब बनते जा रहा है। पीडब्ल्यूडी विभाग के इंजीनियर हेशवंत बघेल ने बताया कि शहर की सभी सड़कों की मरम्मत, फिलिंग का कार्य दो तीन में चालू हो जाएगा। शहर के सिहावा रोड, रूद्री रोड, मुजगहन रोड, रायपुर रोड, अंदरूनी मार्ग बुरी तरह खराब हो गया है। सबसे ज्यादा दयनीय स्थिति सिहावा रोड व मुजगहन दुर्ग रोड की है। सिहावा चौक से कोलियारी पुल तक मार्ग में सैकड़ों गड्ढे हो गए हैं पवन यादव, कोमल साहू, हरिशंकर वैष्णव, गज्जू गजपाल, दिनेश सोनकर का कहना है कि खराब रोड में चलना मुश्किल हो रहा है। बारिश का दौर समाप्त नहीं हुआ है। रिपेयरिंग करने से रोड बच जाएगा अन्यथा चलना मुश्किल हो जाएगा।

### मुजगहन मार्ग को रिपेयरिंग की जरूरत

रत्नाबांधा चौक से ग्राम मुजगहन तक सड़क बुरी तरह खराब है। डामर उखड़ने से सड़क के बीचोबीच बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। सोल्डर साइड में दलदल,कीचड़ हो गया है। कुछ दिनों पहले शहर के कांग्रेसियों ने गड्ढों में बेशरम के पौधे रोपे थे। मरम्मत के लिए शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। ग्रामीण तेजराम साहू, विनायक साहू, मुरलीधर ध्रुव, जगदीश निषाद, द्वारका यादव का कहना है कि बारिश के पूर्व रोड ठीक था। माहभर की बारिश से 5 किमी तक सड़क बुरी तरह खराब हो गई है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने रोड की मरम्मत की मांग की है।

### डब्ल्यूएमएम बीटी वर्क शुरू हो गया : ईई नेताम

पीडल्यूडी विभाग के मुख्य कार्यपालन अभियंता एसके नेताम ने बताया कि जिले की सड़कों की मरम्मत की जा रही है। इसके लिए 1 करोड़ का वर्क आर्डर प्रारंभ किया गया है। 4 करोड़ का प्रस्ताव विभाग की ओर से भेजा गया है। जल्द स्वीकृति मिल जाएगी। बारिश खत्म होने के बाद 15 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक की अवधि में सभी मार्गों का डामरीकरण किया जाएगा। फिलहाल गड्ढे भरने का काम जारी है।

### दर्जनों मार्ग की फिलिंग हो चुकी है : एसडीओ पैकरा

पीडब्ल्यूडी विभाग के एसडीओ एमडी पैकरा ने बताया कि डब्ल्यूएमएम बीटी वर्क का कार्य पूरे जिले में चल रहा है। प्राथमिक तौर पर धमतरी से गुंडरदेही, धमतरी से नगरी, गुजरा दर्रा मार्ग, रीवागहन से गुजरा, नगरी से सिहावा, सुपेला सिलघट मार्ग, बेलरगांव से जैतपुरी, बेलरगांव से घटुला, सिहावा से बोराई, कोलियारी करेठा, सम्बलपुर बोड़रा, छाती से गागरा, धमतरी-बागतराई मार्ग, सोरम भटगांव मार्ग आदि का फिलिंग कार्य चल रहा है जो सप्ताह भर में पूरा हो जाएगा।

### धूल के गुबार उड़ने से लोग परेशान

बारिश थमने के बाद रोड के सूखने से धूल का गुबार उड़ रहा है, जिससे राहगीरों को परेशानी हो रही है। कीचड़ के सूखने से धूल का कण वातावरण को धूमिल कर रहा है। लोगों को सड़क पर चलने के लिए टोपी, चश्मा, गमछा का सहारा लेना पड़ रहा है। शहर के सभी मार्गों में यही स्थिति है। लोगों ने धूल से बचने इस बार सभी मार्गों को ड्रेन टू ड्रेन बनाने की मांग की है।

## गुरु केवल ज्ञान नहीं, चरित्र का भी निर्माण करता है





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भोपालराव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज में 31 जुलाई को व्यास पूजा समारोह हुआ। मुख्य अतिथि डॉ. चंद्रशेखर चौबे जिला अध्यक्ष भारतीय शिक्षा मंडल एवं सेवानिवृत्त प्राचार्य बाबू छोटेलाल शासकीय महाविद्यालय धमतरी ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु जीवन का मार्गदर्शक होता है जो केवल ज्ञान नहीं, चरित्र का भी निर्माण करता है। उन्होंने महर्षि वेदव्यास जी के जीवन, योगदान एवं भारत की वैदिक परंपरा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला।

विशिष्ट अतिथि निरंजन कुमार जिला संगठक राष्ट्रीय सेवा योजना एवं पीतांबर सिन्हा कार्यक्रम अधिकारी शासकीय महाविद्यालय कंडेल ने व्यास पूजा के महत्व और गुरु-शिष्य संबंधों की भारतीय परंपरा पर प्रभावशाली विचार प्रस्तुत किया। यह आयोजन संस्थान के प्राचार्य जीआर साहू के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के कार्यक्रम अधिकारी जयप्रकाश डड़सेना, सहायक कार्यक्रम अधिकारी टीके मरकाम, मुकेश केशरी एवं पंकज छालोत्रे की उपस्थिति में हुआ।

## सशिमं में तुलसीदास जयंती मनाई गई





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सरस्वती शिशु मंदिर उमावि आमातालाब धमतरी में तुलसीदास जयंती मनाई गई। मुख्य वक्ता परमेश्वर गजेन्द्र, प्राचार्य श्रीमती खेमिन साहू एवं श्रीमती किरण मिश्रा ने दीप प्रज्वलित किया। छात्रों ने तुलसीदास के जीवन पर अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य वक्ता श्री गजेन्द्र ने बालकाण्ड के प्रसंग को रखकर श्रीराम के शौर्य एवं पराक्रम का वर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती प्रभा चौबे ने किया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी केवलसिंह साहू ने दी।

## जिले के उभरते कलाकारों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध





- मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि पर एक से बढ़कर एक गीतों की हुई प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

श्री कृष्ण संगीत महाविद्यालय एवं देवांगन म्यूजिकल ग्रुप के तत्वाधान में 31 जुलाई को मोहम्मद रफी साहब का पुण्यतिथि कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें जिले के रफी साहब के चहेते उभरते कलाकारों ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। रफी साहब के बालीवुड को दिए योगदान पर शंकर देवांगन एवं दीपा ध्रुव ने प्रकाश डाला।

महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं म्यूजिकल ग्रुप के आर्टिस्टों ने उनके यादगार गीतों को गाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। कार्यक्रम में समाजसेवी सोहेन्दर सिंह गुरुदत्ता, अशोक गुप्ता, नीरज रणसिंह, एएन दीक्षित, पूर्व प्राचार्य मनीष चंद्राकर, सतीश तिवारी, प्रकाश पवार, श्री गजेंद्र, श्री देव, वेदप्रकाश वर्मा, एमएम दास, भोजराज साहू, प्रकाश देवांगन, सचिन देवांगन, अशोक देवांगन, खिलेंद्र साहू, रवि गजेंद्र, वीरेंद्र साहू, शंकर देवांगन, लक्ष्मी देवांगन, कलेश्वरी दीपाली, दीपा ध्रुव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन शंकर देवांगन एवं दीपा ध्रुव ने किया। कार्यक्रम में म्यूजिशियन रिजवान अली अंजुम की टीम रही। यह जानकारी शंकर देवांगन अधिवक्ता ने दी।

## सामान्य ज्ञान परीक्षा आज

- सर स्व. गौरीशंकर श्रीवास्तव चेरिटेबल ट्रस्ट का आयोजन

**धमतरी।** टैलेण्ट हंट के सहयोग से स्व. सर गौरीशंकर श्रीवास्तव की स्मृति में चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सामान्य ज्ञान परीक्षा का आयोजन 2 अगस्त को किया गया है। परीक्षा नूतन इंग्लिश स्कूल एवं हिन्दी माध्यम नूतन हायर सेकेंडरी स्कूल में सुबह 10 से 11 बजे तक होगी। परीक्षा के लिए हिन्दी माध्यम छात्र-छात्राओं की संख्या 439 तथा इंग्लिश मीडियम छात्रों की संख्या 245 है। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार दिया जाएगा। परीक्षा देने वाले सभी छात्र-छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रमाण पत्र व पारितोषिक दिया जाएगा। यह जानकारी पूर्व प्राचार्य अशोक पवार ने दी है। सभी परीक्षार्थी को समय से आधा घंटा पूर्व परीक्षा केंद्र पहुंचने कहा गया है।

## राज्य स्तरीय योगासन स्पर्धा में जलवा दिखाएंगी बालिकाएं



- सात बालिकाएं कोरबा रवाना, महापौर रामू रोहरा ने हरी झंडी दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कोरबा में छठवीं छत्तीसगढ़ स्टेट योगासन स्पोर्टस चैंपियनशिप 2025-26 का आयोजन एक से तीन अगस्त तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए शहर की सात बालिका खिलाड़ी एक अगस्त को रवाना हुई। महापौर रामू रोहरा ने हरी झंडी दिखाकर बालिका खिलाड़ियों को रवाना किया। 20 जुलाई को जिले में अस्मिता खेलो इंडिया वूमेंस योगासन स्पोर्टस सिटी लीग का आयोजन किया गया था, जिसमें जिले से 17 खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय योगासन स्पर्धा के लिए हुआ। इनमें से सात बालिका खिलाड़ी जूनियर एवं सब जूनियर वर्ग की राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेंगी। ये खिलाड़ी कोरबा में आयोजित होने वाली छठवीं छत्तीसगढ़ स्टेट योगासन स्पोर्टस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगी। शहर के श्री गायत्री आयुष पालीक्लिनिक के संचालक डा. दिनेश नाग के सहयोग से उन्नत योग प्रशिक्षक उमराव साहू, उत्तरा गौतम, भोजेंद्र साहू द्वारा इन बालिका खिलाड़ियों को निश्शुल्क प्रशिक्षण दिया गया है। जूनियर वर्ग में 14 से 18 वर्ष की आयु समूह में आर्टिस्टिक युगल में रुचि साहू एवं थामेश्वरी साहू, आर्टिस्टिक सिंगल में थामेश्वरी साहू, लेग बैलेंस में दिव्या मंडावी एवं भूमिका पटेल, सब जूनियर वर्ग में रिथमिक युगल में उर्वशी जूनियर मीनपाल एवं कुमकुम ध्रुव, आर्टिस्टिक सिंगल में केनिश्का सिंह गौतम शामिल हैं। धमतरी की ये प्रतिभाशाली बालिका खिलाड़ी योगासन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं और आगामी प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद कर रही हैं।

## पूर्व जनपद सदस्य ने गुम मोबाइल लौटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम रूद्री के समाजसेवी व पूर्व जनपद सदस्य पिंकू साहू सड़क पर गिरे मोबाइल को पुलिस थाना में जमा कर उसके असली मालिक तक पहुंचाने में कामयाब रहे। ज्ञात हो कि महिमासागर वार्ड धमतरी के बलराम साहू अपने कार्य से जवरगांव गया था। वापस धमतरी आते समय उसका मोबाइल गिर गया। पिंकू साहू ने अपने मित्र कुंदन ठाकुर, राहुल मानिकपुरी के साथ लीलर गये हुये थे। वापस रूद्री आते समय उन्हें जवरगांव के पास रोड में गिरा हुआ मोबाइल दिखा। आसपास के ग्रामीणों को बताया कि मुझे किसी अनजान व्यक्ति का मोबाइल मिला है । कोई ढूंढते हुए आए तो मेरा नाम, पता बता देना या रूद्री थाना भेज देना। बहुत देर बाद किसी अंजान व्यक्ति का फोन उसी मोबाइल पर आया। उसने मोबाइल गुम हो जाने की बात कही तब पिंकू ने रूद्री थाना से मोबाइल ले जाने को कहा। युवक मोबाइल लेने के लिये थाना आया। थाना स्टाफ के कमलेश ध्रुव, राजेन्द्र नायक ने पूरी तस्दीक करने के बाद पिंकू साहू को बुलाकर उनके ही हाथों से मोबाइल उसके मालिक को वापस किया। मोबाइल मालिक बलराम साहू ने थाना स्टाफ और पिंकू को धन्यवाद दिया।

## साहू समाज का तीज महोत्सव 22 को

- पुराना मंडी प्रांगण में होगा कार्यक्रम, महिलाएं हरे रंग की साड़ी में शामिल होंगी


हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिला साहू संघ धमतरी के तत्वावधान में इस वर्ष तीज महोत्सव 22 अगस्त शुक्रवार को पुराना मंडी प्रांगण धमतरी में प्रातः 11 बजे आयोजित किया जाएगा। जिलाध्यक्ष अवनेन्द्र साहू ने जानकारी दी कि साहू समाज द्वारा यह आयोजन हर वर्ष बड़े उत्साह, उमंग और सामाजिक एकजुटता के साथ संपन्न होता है।

जिले के साहू समाज की माताएं-बहनें बड़ी संख्या में भाग लेंगी और अपनी पारंपरिक वेशभूषा हरे रंग की साड़ी में उत्सव की शोभा बढ़ाएंगी। कार्यक्रम में सामूहिक एवं एकल नृत्य, प्रहसन (छत्तीसगढ़ी नाट्य प्रस्तुति), सांस्कृतिक उद्बोधन जैसे विविध आयोजन होंगे, जो महिलाओं में छिपी रचनात्मक प्रतिभा, नेतृत्व क्षमता और छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक मूल्यों को मंच प्रदान करेंगे।

आयोजन की तैयारी में जिला उपाध्यक्ष केकती साहू, तोरण साहू, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष चंद्रकला साहू, महासचिव यशवंत साहू, सचिव लीलाराम साहू सहित सामाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता जुटे हुए हैं।

## लीलर के कांवरियों ने सिरपुर में किया जलाभिषेक



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


इस वर्ष भी श्री राम सेना बोल बम ग्रुप लीलर ने गंधेश्वर शिव मंदिर सिरपुर जिला महासमुंद में जलाभिषेक किया और सुख, समृद्धि की कामना की। वापसी पर कांवरियों का डीजे के साथ स्वागत किया गया। ग्रामवासियों, रामायण मंडली, गोंडवाना समाज ने प्रसाद बांटा। मंगलवार को प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला में न्योता भोज का आयोजन श्रीराम सेना बोल बम द्वारा किया गया। बच्चों को खीर पूड़ी खिलाई गई।

मौके पर सरपंच हेमंत कुमार नेताम, उपसरपंच दीपक सिंह तोमपाल, डोमन, भुनेश्वर, हितेश, चित्रसेन, कल्याण, झाड़ूराम, देवनारायण, जितेंद्र, हेमलाल, चैतन, यदुनंदन, नेतराम, सत्यम, बलराम समेत 72 कांवरिए मौजूद थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 16,500/
रिजर्वेशन कोच
10 सितंबर, 24 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेट, श्री शिर्डी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
राशि:- स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

शोक पत्र
(पचनहावन आज)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पुज्य पिताजी
श्री रमेश देवांगन
का स्वर्गवास दिनांक 29.07.2025 मंगलवार को हो गया है। जिसका स्नान एवं श्राद्ध का कार्यक्रम 2 अगस्त 2025 शनिवार को रखा गया है। अत: आप महानुभाव से निवेदन है कि उक्त तिथि पर पधारकर उनकी दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित कर हमें अनुग्रहित करें।
पचनहावन एवं संपूर्ण कार्यक्रम
दिनांक : 2 अगस्त 2025, शनिवार
स्थान - देवांगन धर्मशाला, अछोटा
( तालाब कार्यक्रम : दोपहर 12 बजे से )
शोकाकुल परिवार : बीरबल, पवन, नंदकुमार, खेमन, तिजेश्वर, हीरा, कमल, नारद, लाकेश, विरेन्द्र, गिरधारी, तेजराम, मुकेश, ईशान्त, यीशु, खिल्लू एवं समस्त कोसरिया परिवार
विनीत
पीयुष देवांगन (पुत्र) अधिवक्ता
श्रीमती पुष्पा देवांगन (बहू)
हेमांचल, चित्रांश (पोता)

स्व. श्री रमेश देवांगन
जन्मतिथि : 04/09/1951
स्वर्गवास : 29/07/2025
जिस किसी स्नेही जन को निमंत्रण न मिला हो कृपया इसी को निमंत्रण स्वीकार करें